देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 213 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 30 नवंबर 2024



मौसम अधिकतम 23.0° न्यूनतम 11.0°

82924.41

2 फेल हो चुकी है यूनुस सरकार

7 ऑस्ट्रेलिया की पीएम 11 से भिड़ेगा भारत

# भारतीय टीम नहीं जाएगी पाकिस्तान

## विदेश मंत्रालय की दो टूक, सुरक्षा कारणों का दिया हवाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी अब पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। विदेश मंत्रालय ने अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान जाने पर बीसीसीआई के रुख को दोहराया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, बीसीसीआई ने एक बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि वहां सुरक्षा चिंताएं हैं और इसलिए ऐसी संभावना नहीं है कि टीम वहां जाएगी। पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाली बहुप्रतीक्षित चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पर अनिश्चितता के बादल छाए हुए हैं। आईसीसी ने सदस्य देशों की 29 नवंबर को बैठक बुलाई है। इसी दिन टूर्नामेंट के भविष्य पर फैसला होगा।

दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण भारत ने 2008 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। पिछली बार भारत ने एशिया कप के लिए पाकिस्तान का दौरा किया था। दोनों चिर प्रतिद्वंद्वियों ने पिछली द्विपक्षीय सीरीज 2012–13 में खेली थी जिसमें सीमित ओवरों के मैच खेले गए थे। उसके बाद से भारत और पाकिस्तान मुख्य रूप से सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट या फिर एशिया कप में एक–दूसरे का सामना करते हैं।

शुक्रवार को आईसीसी की बैठक भी हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसमें 12 पूर्ण सदस्य देशों के प्रतिनिधियों, एसोसिएट देशों के तीन, एक स्वतंत्र निदेशक के अलावा आईसीसी चेयरमैन और सीईओ ने हिस्सा लिया। पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी पर बीसीसीआई के उपाध्यक्ष और कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला का भी बयान आया है। उन्होंने कहा, हमारी चर्चा जारी है। स्थिति को देखने के बाद फैसला लिया जाएगा। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता खिलाड़ियों की सुरक्षा है। हाइब्रिड मोड भी एक विकल्प है। हालांकि, पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल में टूर्नामेंट कराने को तैयार नहीं है। पिछले साल एशिया कप भी इसी तरीके से खेला गया था। अगर सहमति नहीं बनी तो आईसीसी पीसीबी से मेजबानी का हक भी छीन सकता है।

### दोनों देशों के बीच व्यापार जारी

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, जहां तक बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की स्थिति का सवाल है तो हमने अपना विरोध बहुत स्पष्ट कर दिया है। हमने बांग्लादेश के साथ यह मामला उठाया है। उन्हें अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और उनके हितों की रक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत से बांग्लादेश को वस्तुओं की आपूर्ति जारी है। दोनों देशों के बीच व्यापार चल रहा है।



### हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचार पर विदेश मंत्रालय सख्त

बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा थम नहीं रही है। हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद से हिंदू समुदाय के खिलाफ कट्टरपंथियों के हमले और तेज हो गए हैं। इस बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के हालात पर एक बार फिर चिंता व्यक्त की। मंत्रालय ने कहा कि बांग्लादेश में अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। हम उग्रवादी बयानबाजी, हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं से चिंतित हैं। बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम इस्कॉन को एक विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित संगठन के रूप में देखते हैं।

### अदाणी मामले पर एमईए ने पहली बार दी प्रतिक्रिया

अडानी मामले पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह एक कानूनी मामला है। इसमें निजी फर्म और व्यक्ति व अमेरिकी न्याय विभाग शामिल हैं। ऐसे मामलों में स्थापित प्रक्रियाएं और कानूनी रास्ते हैं, जिनका हमें विश्वास है कि पालन किया जाएगा। भारत सरकार को इस मुद्दे के बारे में पहले से सूचित नहीं किया गया था। हमने इस मामले पर अमेरिकी सरकार से कोई बातचीत भी नहीं की है। किसी विदेशी सरकार द्वारा समनधगिरफ्तारी वारंट की तामील के लिए किया गया कोई भी अनुरोध आपसी कानूनी सहायता का हिस्सा है। ऐसे अनुरोधों की योग्यता के आधार पर जांच की जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### एकनाथ शिंदे सतारा में अपने पैतृक गांव चले गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। महाराष्ट्र में सीएम को लेकर फैसला तो हो गया है, लेकिन अब पेंच विभागों के बंटवारे को लेकर फंस गया है। इस बीच शुक्रवार को शाम मुंबई में महायुति की बैठक होनी थी, जिसे अब रद्द कर दिया गया है। वहीं, निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना की बैठक भी रद्द कर दी गई है। दरअसल, एकनाथ शिंदे सतारा में अपने पैतृक गांव चले गए हैं।

### केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। दिल्ली में कानून–व्यवस्था की खराब स्थिति को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शक्रवार को केंद्र सरकार औ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर बरसे। केजरीवाल ने कहा कि केंद्र से दिल्ली की कानून व्यवस्था नहीं संभल रही है। हमने स्कूल, अस्पताल, सड़कें और बिजली ठीक करने की जिम्मेदारी पूरी की है लेकिन अमित शाह से कानून व्यवस्था संभाली नहीं जा रही है।

# चुनावी हार से गुस्साए विपक्षी देश के खिलाफ कर रहे साजिश

## ओडिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष को घेरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आंदोलन हमेशा से होते रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ समय में आप सभी ने एक बहुत बड़ा बदलाव देखा होगा। संविधान की भावना को कुचला जा रहा है। लोकतंत्र की गरिमा को नकारा जा रहा है। सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानने वाले लोग पिछले एक दशक से केंद्र की सत्ता खो चुके हैं। वे लोगों से इस बात के लिए भी नाराज हैं कि उनके अलावा किसी और को आशीर्वाद दिया जा रहा है। वे इतने गुस्से में हैं कि वे देश के खिलाफ साजिश कर रहे हैं।

पीएम ने कहा कि उन्होंने देश को गलत दिशा में ले जाने के लिए लोगों को गुमराह करना शुरू कर दिया है। झूठ और अफवाहों की उनकी दुकान पिछले 75 सालों से चल रही है। उन्होंने अब अपने मिशन को और तेज कर दिया है। उनकी गतिविधियां अपने देश से प्यार करने वाले लोगों के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन रही है। उन्होंने कहा कि मैं सभी को बताना चाहता हूं कि हमें सतर्क रहना है और लोगों को जागरूक करते रहना है। हमें हर झूठ को उजागर करना है। सत्ता के भूखे इन लोगों ने जनता से सिर्फ झूठ बोला है। वे हर बार एक बड़ा झूठ लेकर आते हैं। इनका मकसद सिर्फ यही है कि किसी तरह देश की जनता को गुमराह करके सत्ता पर कब्जा किया जाए। पीएम ने कहा कि विपक्षी दल दिन–रात भाजपा के बारे में गलत सूचना फैलाते रहते हैं।

### पहले ओडिशा, फिर हरियाणा, अब महाराष्ट

पीएम ने कहा कि पहले ओडिशा, फिर हरियाणा, अब महाराष्ट्र। यही बीजेपी की विशेषता है। यह भाजपा कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है। महाराष्ट्र चुनाव, हरियाणा चुनाव और देशभर में हुए उपचुनाव के नतीजों ने पूरे देश में जो विश्वास भर दिया है, वो मुझे आपकी आंखों नजर आ रहा है। पांच दिन पहले मुझे दिल्ली में ओडिशा पर्व के शानदार समारोह में शामिल होने का अवसर मिला था। उड़िया विरासत और गौरव के वो भव्य दर्शन, ओडिशा के लोगों का स्नेह और अपनापन मेरे लिए बहुत ही यादगार पल हैं।

# हमे कड़े फैसले लेने होंगे जवाबदेही तय करनी होगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अखिल भारतीय कांग्रेस मुख्यालय में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली हार पर मंथन किया। बैठक में खरगे ने कहा कि चुनाव परिणामों से सबक लेकर कठोर निर्णय लेने होंगे। जवाबदेही तय करनी होगी और खामियों को दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों के परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने पार्टी की कलह पर मंथन किया। उनका मानना है कि इसकी वजह से पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एकजुटता की कमी और अपने ही पार्टी नेताओं के खिलाफ बयानबाजी से काफी नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि जब तक हम एक–दूसरे के खिलाफ बयानबाजी बंद नहीं करेंगे और एकजुट होकर चुनाव नहीं लड़ेंगे तब तक अपने विरोधियों को कैसे हरा पाएंगे। सभी को कड़ाई से अनुशासन का पालन करना होगा। सभी को यह सोचना होगा कि कांग्रेस पार्टी की जीत हमारी जीत है और पार्टी की हार हमारी हार है। हमारी ताकत पार्टी की ताकत में है। क्या कारण है कि हम माहौल का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं?

### मंथन

■हरियाणा–महाराष्ट्र में करारी हार के बाद खरगे सख्त

### चुनाव परिणाम हमारे लिए संदेश

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इंडिया के दलों ने चार में से दो राज्यों पर सरकार बनाई है। मगर कांग्रेस का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। यह चुनाव रिजल्ट एक संदेश हैं। हमें चुनाव परिणामों से तुरंत सीख लेने और संगठनात्मक स्तर पर अपनी सभी कमजोरियों और कमियों को दूर करने की जरूरत है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# सितंबर तिमाही में सुस्त पड़ी भारत की रफ्तार


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■ 5.4 फीसदी रही जीडीपी ग्रोथ, ग्रॉस वैल्यू एडेड में गिरावट

नई दिल्ली। भारत की तरक्की की रफ्तार वित्त वर्ष 2024–25 की दूसरी तिमाही में सुस्त पड़ गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 5.4 फीसदी रही। यह एक साल पहले की समान अवधि में 8.1 फीसदी थी। यहां तक कि मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भी जीडीपी ग्रोथ 6.7 फीसदी रही।

अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, कमजोर खपत और प्रमुख क्षेत्रों में प्रतिकूल मौसम, जैसे कि बाढ़, की वजह से जीडीपी ग्रोथ में कमी आई है। सितंबर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ एक्सपर्ट के अनुमान से काफी कम रही। इकोनॉमिक एक्सपर्ट पहले ही मानकर चल रहे थे कि दूसरी तिमाही में खपत घटने से जीडीपी ग्रोथ कम रहेगी। लेकिन, यह उनके अनुमान से भी कम रही। अधिकतर एक्सपर्ट 6 से 6.5 फीसदी जीडीपी ग्रोथ रहने का अनुमान जता रहे थे। आरबीआई ने 7 फीसदी ग्रोथ रहने का अनुमान जताया था। सर्वे में भी जीडीपी ग्रोथ 6.5 फीसदी रहने की उम्मीद जताई गई थी। रियल ग्रॉस वैल्यू एडेड आर्थिक गतिविधियों को मापने वाले अहम पैमाना है।

## न्यूज डायरी



### डोनाल्ड ट्रंप की वापसी से पहले भारतीय छात्रों को मिल रही वार्निंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी से पहले विश्वविद्यालय अपने छात्रों को चेतावनी दे रहे हैं। विश्वविद्यालय भारतीयों समेत विदेशी छात्रों को 20 जनवरी को ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से पहले अपने शीतकालीन अवकाश से लौटने को कह रहे हैं। छात्रों को जारी किए गए परामर्श में कहा गया है कि संभावित यात्रा प्रतिबंधों और एंट्री पॉइंट्स पर बढ़ती जांच से बचने के लिए ऐसा किया गया है। माना जा रहा है कि जब ट्रंप सत्ता में आएंगे तो अमेरिका जाना लोगों के लिए मुश्किल हो जाएगा। छात्रों ने कहा कि यूनिवर्सिटी के अधिकारी चुनाव अभियान के दौरान ट्रंप की उस धमकी से परेशान हैं, जिसमें उन्होंने अमेरिकी इतिहास में अवैध प्रवासियों को सबसे बड़े पैमाने पर निर्वासित करने की बात कही थी। हालांकि, वैध वीजा वाले भारतीय छात्रों पर इसका कोई असर पड़ने की संभावना नहीं है, लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कहा कि जोखिम नहीं लेना चाहिए। यह चिंता तब देखने को मिल रही है, जब पहली बार भारतीय छात्रों का नामांकन चीन से ज्यादा हो गया है। 2023–24 के बीच 2.7 लाख चीनी छात्रों की तुलना में 3.3 लाख भारतीय छात्र अमेरिकी यूनिवर्सिटी में पहुंचे। कुछ संस्थानों ने ट्रंप की वापसी से पहले अपने एकेडमिक कैलेंडर को एडजस्ट किया है। रिपोर्ट के मुताबिक ओरेगन के सलेम में विलमेट यूनिवर्सिटी में डेटा साइंस में एक पोस्टग्रेजुएट छात्र ने बताया कि उनकी कक्षाएं आमतौर पर साल के पहले सप्ताह बाद शुरू होती हैं।

### हिजबुल्लाह के साथ युद्धविराम के बाद इजरायल की नई धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच युद्धविराम प्रभावी हो गया। इस युद्धविराम के प्रभावी होने से ठीक पहले लेबनान और सीरिया के बीच सीमा क्रॉसिंग पर इजरायल ने कई हमले किए। इस एयर स्ट्राइक का लक्ष्य हिजबुल्लाह के तस्करी प्रयासों को विफल करना था। वहीं इसे सीरिया को एक बड़ी चेतावनी के रूप में माना गया, कि तस्करी की स्थिति में वह गंभीर कार्रवाई करेगा। माना जा रहा है कि ईरान हिजबुल्लाह को फिर से मजबूत करने के लिए सीरिया के जरिए हथियारों की तस्करी कराएगा। इजरायली रक्षा बलों ने कहा है कि संघर्ष विराम के बीच वह हिजबुल्लाह को सभी हथियारों की डिलीवरी रोकने के लिए कार्रवाई जारी रखेगा। इसमें लेबनान या सीरिया में कहीं भी शिपमेंट पर हमला करना शामिल है। आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने रात एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, श्हमने सीरिया की जमीन पर हिजबुल्लाह को हथियार देने के सभी प्रयासों को निशाना बनाया है। अगर हमें हिजबुल्लाह को हथियार ट्रांसफर करने का पता चलता है तो हम कार्रवाई करेंगे। इजरायल ने सीरियाई सरकार को भी धमकी दी है।

### तुर्की ने बढ़ाई अमेरिका की टेंशन, बोला–हमारा एस–400 चालू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अंकारा। तुर्की के रक्षा मंत्री यासर गुलर ने कहा है कि अमेरिका ने रूसी एस–400 खरीदने के बाद एफ–35 जेट बेचने से इनकार करने के बाद अब अपनी आपत्तियां वापस ले ली हैं। इससे माना जा रहा है कि अमेरिका जल्द ही तुर्की को एफ–35 विमान बेचने की मंजूरी दे सकता है। हालांकि, अमेरिका ने इस मुद्दे पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। तुर्की ने अमेरिकी आपत्तियों के बावजूद 2017 में रूस के साथ एस–400 खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके दो साल बाद 2019 में तुर्की को दो एस–400 मिसाइल सिस्टम की डिलीवरी भी प्राप्त हुई थी। यासर गुलर ने कहा है कि तुर्की के स्वामित्व वाले एस–400 चालू हैं और उचित आदेश दिए जाने पर 12 घंटे के भीतर तैनात किए जा सकते हैं। इससे पहले ऐसी खबरें थी कि तुर्की ने एस–300 मिसाइल सिस्टम को अभी तक एक्टिवेट नहीं किया है और किसी और देश को बेचने की कोशिश कर रहा है। यहां तक आशंका जताई गई थी कि तुर्की को मिला एस–400 मिसाइल सिस्टम जंग खा चुका है और उसे फिर से शुरू करने के लिए रूसी टेक्निशियनों द्वारा मरम्मत की जरूरत होगी। एस–400 ट्रायम्फ रूसी रक्षा ठेकेदार अल्माज एंटे द्वारा निर्मित एक लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है और इसे आधिकारिक तौर पर 2007 में रूसी सेना द्वारा अपनाया गया था।

# बांग्लादेश में फेल हो चुकी है यूनुस सरकार

**रिपोर्ट**

## यूएससीआईआरएफ के पूर्व आयुक्त ने हिंदुओं पर हमले को लेकर जताई चिंता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के पूर्व आयुक्त जॉनी मूर ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश में ऐसा कोई अल्पसंख्यक नहीं है जो इस समय खतरे में महसूस न कर रहा हो और मुहम्मद यूनुस विफल हो रहे हैं।

मूर ने कहा कि खतरे में पड़े लोगों की सुरक्षा करना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि यह न केवल बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के लिए बल्कि पूरे देश के लिए अस्तित्व के खतरे का क्षण है।

मूर ने बांग्लादेश पुलिस द्वारा पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी की आलोचना की और कहा कि अल्पसंख्यकों के बीच यह धारणा है कि अगर वे उनके पीछे पड़ेंगे, तो वे




हममें से किसी के पीछे पड़ेंगे। उन्होंने कहा, बांग्लादेश सिर्फ मुस्लिम देश नहीं है। यह मुस्लिम बहुल देश है, जिसमें बहुत से अल्पसंख्यक हैं। देश में ऐसा कोई अल्पसंख्यक नहीं है जो इस समय खतरे में न महसूस कर रहा हो। हाल के दिनों में यह वैश्विक स्तर पर स्पष्ट हो गया है, क्योंकि यह हाई–प्रोफाइल गिरफ्तारी न सिर्फ हिंदू बांग्लादेशी समुदाय के नेता की है, बल्कि वास्तव में एक बहुत ही गंभीर धार्मिक व्यक्ति की है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि धारणा यह है कि अगर वे उसके पीछे पड़ेंगे, तो वे हममें से किसी के भी पीछे पड़ सकते हैं। मैं बिल्कुल स्पष्ट होना चाहता हूँ कि वैश्विक ईसाई समुदाय बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के साथ खड़ा है। खतरे में पड़े लोगों की रक्षा करना सरकार की पहली जिम्मेदारी है।

बांग्लादेश के धार्मिक अल्पसंख्यक अब वास्तव में इसे महसूस कर रहे हैं और वे हमारे समर्थन के हकदार हैं। उन्होंने कहा, हमें यकीन नहीं है कि यह वास्तव में कौन कर रहा है, लेकिन मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि जिस तरह से मैं इसे देखता हूं, मोहम्मद यूनुस विफल हो रहे हैं। यही बांग्लादेश में हो रहा है। देश के नेता के रूप में, देश के अंतरिम नेता के रूप में, बांग्लादेशी लोगों के लिए कोई आकांक्षा नहीं है।

यदि आप नागरिक समाज के एक बहुत ही सरल घटक का प्रबंधन नहीं कर सकते हैं, जो कि आपको लोगों की रक्षा करनी है, लोगों को सुरक्षित रखना है। यदि कानून का शासन इतना अक्षम हो जाता है कि उचित प्रक्रिया प्राप्त करने के बजाय, एक वकील को मार दिया जाता है। यह अविश्वसनीय है, मैं बांग्लादेशी सरकार में यूनुस की प्रतिक्रिया से चकित था। वे कह रहे हैं कि यह अतिशयोक्ति है। वे कह रहे हैं कि यह उतना बड़ा मामला नहीं है जितना लगता है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश को भारत और अमेरिका से सलाह लेनी चाहिए।

## बांग्लादेश सरकार आईसीसी में मुकदमा चलाने की कर रही तैयारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार, अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के कार्यालय ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में मुकदमा चलाने की मांग की है, जबकि मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में हसीना घरेलू न्यायाधिकरण में मुकदमे का सामना कर रही हैं।

मुख्य सलाहकार के प्रेस विंग के एक अधिकारी ने कहा, मुख्य सलाहकार यूनुस ने हसीना के मुकदमे के मुद्दे पर आईसीसी के अभियोजक करीम ए खान के साथ चर्चा की, जो उनसे उनके आधिकारिक जमुना आवास पर मिले।

विवादास्पद नौकरी कोटा प्रणाली को लेकर अवामी लीग के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध के बाद हसीना 5 अगस्त को भारत आ गई थी। तीन दिन बाद, नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला। हालांकि, आईसीसी अभियोजक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय आईसीटी–बीडी को सहयोग देना चाहेगा, जिसने अब तक हसीना और उनकी अवामी लीग पार्टी के कई शीर्ष सदस्यों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है।



### ईवा नामक बिल्ली ने रच दिया इतिहास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोच्चि। ईवा नामक बिल्ली कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक वीआईपी यात्री बन गई। गुरुवार सुबह 10रु17 बजे कोच्चि नेदुंबस्सेरी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एयर इंडिया की एक फ्लाइट ने ऐसा इतिहास रच दिया जो केरल के हवाई अड्डों के इतिहास में दर्ज हो गया। बता दें कि ईवा 25 वर्षों के कॉमर्शियल ऑपरेशन्स में विदेश से हवाई अड्डे पर आने वाली पहली पालतू बिल्ली बन गई है। खास बात यह थी कि इस फ्लाइट में एक 'वीआईपी' यात्री सवार था। यह वीआईपी कोई और नहीं बल्कि 'ईवा' नाम की एक बिल्ली का बच्चा है। 'ईवा' भारत में कोच्चि हवाई अड्डे के जरिए आने वाली पहली पालतू बिल्ली है। बिल्ली को दोहा से के ए रामचंद्रन लेकर आए थे, जो कतर में 34 साल बिताने के बाद केरल वापस आ गए हैं।

# बौखलाए पुतिन ने यूक्रेन को दी हाइपरसोनिक मिसाइल दागने की धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कीव। अमेरिकी और ब्रिटिश हथियारों से मॉस्को पर हमले के बाद से ही रूसी राष्ट्रपति पुतिन के सब्र का बांध टूट चुका है। अब उनके निर्देश पर रूसी सेना कीव में तबाही मचा रही है। यूक्रेन पर 90 से ज्यादा मिसाइल और 100 ड्रोन दागे गए। इससे यूक्रेन दहल उठा। इतना ही नहीं, पुतिन ने अब यूक्रेन पर हाइपरसोनिक मिसाइल से हमले की धमकी जारी की है। यह धमकी मॉस्को द्वारा यूक्रेन के ऊर्जा ग्रिड पर हमला करने के कुछ घंटों बाद दी गई। इस हमले के कारण दस लाख लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं।

कीव ने कहा कि रूस ने इस हमले के दौरान 90 से अधिक मिसाइलें और

**90 से अधिक मिसाइलें और लगभग 100 ड्रोन दागे**

लगभग 100 ड्रोन दागे, जिसे क्रेमलिन प्रमुख ने पश्चिमी मिसाइलों के साथ अपने क्षेत्र पर यूक्रेनी हमलों का जवाब कहा। लगभग तीन साल से चल रहे इस युद्ध में हाल के दिनों में तीव्र वृद्धि देखी गई है, तथा दोनों पक्ष जनवरी में अमेरिका के नव–निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पदभार ग्रहण करने से पहले बढ़त हासिल करने के प्रयास में नए हथियारों की तैनाती कर रहे हैं।

पुतिन ने कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में एक संवाददाता सम्मेलन में हाइपरसोनिक मिसाइल का जिक्र करते हुए कहा, हम कीव सहित सैन्य, सैन्य–औद्योगिक या निर्णय लेने वाले केंद्रों के खिलाफ ओरेशनिक के इस्तेमाल की संभावना से इनकार नहीं करते हैं। रूस ने पिछले सप्ताह यूक्रेन पर अपनी नई ओरेशनिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था और पुतिन ने गुरुवार को दावा किया कि एक साथ कई हथियारों को दागने से परमाणु हमले या उल्कापिंड के प्रहार के बराबर बल होगा।

पुतिन ने यह भी दावा किया कि रूस को पता है कि कीव को कितने लंबी दूरी के हथियार दिए गए हैं और वे कहां स्थित हैं। पोलिश प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा कि कीव पर हमला करने की पुतिन की धमकी कमजोरी का सबूत है और कहा कि पश्चिम उनके शब्दों से परेशान नहीं होगा।

### ब्रिटिश संसद में गूंजा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले का मुद्दा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन की संसद में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की गूंज सुनाई दी। कंजर्वेटिव सांसद बॉब ब्लैकमैन ने संसद में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ जारी हिंसा का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के घरों और मंदिरों पर हमले हो रहे हैं। इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश की जा रही है। वहां की अंतरिम सरकार इस मुद्दे पर कुछ नहीं कर रही है। ऐसे में ब्रिटेन की जिम्मेदारी बनती है कि वह धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करे। इस पर ब्रिटिश उप विदेश मंत्री ने कहा है कि वह इस मुद्दे पर करीबी निगाह बनाई हुई हैं। बॉब ब्लैकमैन ने कहा, इस्कॉन मंदिर जो भक्तिवेदांत का प्रचार करते हैं और इस देश में सबसे बड़ा हिंदू मंदिर है। बांग्लादेश में उनके आध्यात्मिक नेता को गिरफ्तार कर लिया गया है।


**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# बिना पार्किंग चल रहे वेंडिंग प्वाइंटों पर हो सख्त कार्रवाई

**मांग**

## राज्य आंदोलनकारियों ने वेंडिंग प्वाइंट में पार्किंग न होने पर जताई नाराजगी

**संवाददाता**

ऋषिकेश। राज्य आंदोलनकारियों ने नगर क्षेत्र स्थित वेंडिंग प्वाइंट में पार्किंग न होने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने प्रशासन और पुलिस से इस तरह के वेंडिंग प्वाइंट को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने नगर क्षेत्र में चौराहों और व्यस्ततम मार्गों के किनारे संचालित शराब के डिपार्टमेंटल स्टोरों को भी तत्काल बंद करने की मांग की है। नगर निगम स्थित इंद्रमणि बडोनी हॉल में शुक्रवार को उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की बैठक हुई। इस दौरान आंदोलनकारियों ने उत्तराखंड क्रांति दल के नेता दिवंगत त्रिवेंद्र सिंह पंवार को श्रद्धांजलि दी।

आंदोलनकारियों ने कहा कि त्रिवेंद्र ने राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाई। उनके योगदान को हर आंदोलनकारी भुला नहीं सकता है। उत्तराखंड देव डोली समिति के संयोजक विद्यादत्त रतूड़ी ने कहा कि ऋषिकेश के विभिन्न मार्गों पर वेंडिंग प्वाइंटों का संचालन किया



जा रहा है, जिनमें ज्यादातर के पास पार्किंग की सुविधा ही नहीं है, जिससे शादी व अन्य समारोहों में पहुंचने वाले लोग वाहनों को सड़क किनारे पार्क करते हैं और उन्हें हादसों का शिकार होना पड़ता है।

उन्होंने वेंडिंग प्वाइंटों के साथ ही इंद्रमणि बडोनी चौक व वीरभद्र रोड पर संचालित शराब के डिपार्टमेंटल स्टोरों को भी शीघ्र बंद करने की मांग उठाई।

मौके पर संजय शास्त्री, डीएस गुसाईं, गंभीर मेवाड़, बलवीर सिंह नेगी, वीरेंद्र शर्मा, हेमंत डांग, सत्य प्रकाश जखमोला, युद्धवीर सिंह चौहान, महेंद्र बिष्ट, बृजेश डोभाल, गुलाब सिंह रावत, रुकम पोखरियाल, विशंभर दत्त डोभाल, मायाराम उनियाल, उमेद सिंह नेगी, उषा रावत, सरोज डिमरी, प्रेम नेगी, रविंद्र कौर, सतीश्वरी, सुशीला पोखरियाल, अनीता कोठियाल, चीता कंडवाल, जयंती नेगी, शीला, यशोदा नेगी, जय डोभाल, द्वारिका बिष्ट, बलवीर सिंह नेगी, डीएस गुसाईं आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### अब 7 दिसम्बर को 11:00 बजे से 2 बजे तक होगा बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

**संवाददाता** चमोली। पिण्डवाली में 30 नवम्बर को आयोजित किये जाने वाले बहुउद्देशीय शिविर को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। जिला कार्यालय के प्रभारी अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गैरसैंण ब्लॉक के पिण्डवाली में अब 07 दिसम्बर को 11:00 बजे से 2 बजे तक बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निस्तारण किया जाएगा और विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने के निर्देश दिए हैं।

### एनआरआई महिला जमीन विवाद में पूर्व विधायक ने बताया राजनीतिक साजिश

**संवाददाता** पुरोला। एनआरआई महिला की जमीन को विक्रय करने के साथ खुर्दबुर्द किए जाने के मामले में पूर्व विधायक मालचंद ने एनआरआई महिला द्वारा लगाए गए सभी आरोपो को निराधार बताते हुए अपने खिलाफ राजनीति साजिश बताया तथा उक्त महिला के साथ मेरे भाई बहन का रिश्ता है और आगे भी रहेगा उनके हिस्से की जमीन मौके पर उन्हीं के नाम यथावत है। तथा मैं एक अनुसूचित जाति का व्यक्ति हूं मैं किसी की जमीन तो क्या मुझे अपनी जमीन बेचने के लिए जिलाधिकारी से संस्तुति लेनी पड़ती है। शुक्रवार को अपने आवास धिवरा में पूर्व विधायक ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि उक्त महिला ने मेरे उपर गलत आरोप लगाए हैं। तथा मैं अनुसूचित जाति का व्यक्ति हूं तो जमीन कैसे विक्रय कर सकता हूं। अपने हिस्से की जमीन के विक्रय के लिए बाकायदा जिलाधिकारी से अनुमति ली हुई है, ये बदनाम करने की साजिश है। बड़कोट राजस्व टीम जांच कर रही है, जिसमें हमारा पूरा सहयोग है। शशि नेस्ले प्रिटोरियस की कई जगह जमीन है, जो उनके हिस्से की है, वह यथावत है।

### ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर 30 वाहनों के चालान और एक वाहन सीज

**संवाददाता** चमोली। सुरक्षित यातायात को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी के निर्देशों पर शुक्रवार को छिनका में उपजिलाधिकारी चमोली राजकुमार पाण्डेय और सम्भागीय परिवहन अधिकारी ज्योति शंकर मिश्र ने संयुक्त निरीक्षण किया और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर 30 वाहनों के चालान किए और एक वाहन सीज किया। जिसमें ओवर स्पीड के 15, ड्राइविंग लाइसेंस के 08, सीट बेल्ट के 04 बिना हेलमेट के 02 चालान किए गए तथा एक वाहन को फिटनेस सर्टिफिकेट न होने के कारण सीज किया गया। इस दौरान उन्होंने वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात को लेकर यातायात नियमों का पालन करने को कहा।

## सीएम ने आश्रित शिशुओं के लिए प्रदेश में 168 पालना केंद्रों का किया उद्घाटन

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के आश्रित शिशुओं के लिए प्रदेश में 168 पालना केंद्रों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने श्रम विभाग एवं कर्मचारी राज्य योजना कार्यालयों को सीएसआर मद से 60 कंप्यूटर का वितरण भी किया। केदारनाथ क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं में कार्य कर रहे 432 श्रमिकों के लिए ट्रैक सूट, जूते एवं खाद्य सामग्री के ट्रक को हरी झंडी दिखाकर मुख्यमंत्री ने रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में हमारी सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन



**सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहीः मुख्यमंत्री**

प्रयासों से श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार आ रहा है और उनकी सामाजिक स्थिति भी सशक्त हो रही है।

इस अवसर पर विधायक श्री खजानदास, श्रीमती सविता कपूर, श्रमायुक्त सुश्री दीप्ति सिंह, निदेशक महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास प्रशांत आर्य उपस्थित थे।



## हजारों लोगों ने तांदी गीत लगाकर उत्साह मनाया

**संवाददाता** देहरादून। प्रखंड पुरोला के पोरा गांव में नवनिर्मित कपिल मुनि महाराज,खण्डासुरी महाराज, डुण्डा काशमीरा महासू महाराज के मंदिर व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में तीन दिनों से चल रहे कार्यक्रम में बनाल क्षेत्र के मुलकपति राजा रघुनाथ, ओडारु जखंडी माटिया महासू,जमदग्नि ऋषि, सोमेश्वर महादेव गिठ, माता भद्रकाली, सोमेश्वर महादेव मोरी, सोमेश्वर महादेव मठ, शिकारुनाग महाराज इस भव्य समारोह में अतिथि के रूप में विराजमान हुए। जहां यमुना घाटी सहित बावर जोनसार से हजारों लोगों का तांता लगा रहा। क्षेत्र के लोगों ने अपनी व क्षेत्र की खुशहाली के लिए मन्नतें मांगी। शुक्रवार को विशाल भंडारा आयोजित किया गया। गांव व क्षेत्र से आए हजारों लोगों ने तांदी गीत लगाकर उत्साह मनाया।

# तहसील स्तर पर सॉल्व होने वाली शिकायत जिला स्तर पर नहीं आनी चाहिएः डीएम

**संवाददाता**

चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शुक्रवार को सीएम हेल्पलाइन 1905 पर लंबित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को शिकायतों को गंभीरता से लेने के साथ साथ हर 10 दिन में समीक्षा करने को कहा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को प्रतिदिन शिकायतकर्ताओं से पोर्टल के माध्यम बात से भी करने को कहा। उन्होंने कहा कि शिकायतों को 7 दिन के अन्दर निस्तारण किया जाए। साथ ही उन्होंने सभी ईओ को एक्टिबली काम करने कहा। साथ ही एसडीएम थराली को नगर पंचायत थराली के पूर्व में किए गए कार्यों की जांच करने को कहा। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर सॉल्व होने वाली शिकायत



जिला स्तर पर नहीं आनी चाहिए। साथ ही निर्माणदायी संस्थाओं को अपने अधीनस्थ इंजीनियरों से नियमित गूगल मीट कराने को कहा।

अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया कि जल संस्थान की 67, जल निगम की 30, यूपीसीएल की 32, पीएमजीएसवाई व पीडब्ल्यूडी की 30–30, शिक्षा विभाग की 16, शहरी विकास की 15 चिकित्सा विभाग की 9 तथा सिंचाई विभाग की 8 शिकायतें एल1 व एल2 पर दर्ज हैं।

इस दौरान एसडीएम चमोली आरके पांडेय, पीडी आनन्द सिंह, प्रभारी शिक्षा अधिकारी धर्म सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## वैदिक अनुष्ठानों सहित भूमि पूजन द्वारा कुम्भ शिविर निर्माण का शुभारंभ

**संवाददाता** देहरादून। दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 13 जनवरी से 16 फरवरी 2025 तक प्रयागराज, महाकुंभ (आज्ञा चक्र की त्रिवेणी में भी करें संगम स्नान) में विशाल शिविर का भव्य आयोजन करने जा रहा है। संस्थान शिविर अमिताभ पुलिया, सलोरी मार्ग और बजरंगदास मार्ग क्रॉसिंग, गंगा घाट के पास, सेक्टर–9 कुंभ मेला, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में रहेगा। इसी उपलक्ष्य में 28 नवंबर 2024 को संस्थान के शिविर निर्माण से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पारंपरिक वैदिक अनुष्ठानों सहित 'भूमि पूजन' करते हुए पवित्र आधारशिला रखी गई। जिससे इस भव्य कार्यक्रम की तैयारियों का औपचारिक रूप से मंगलारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे विधिवत भूमि पूजन, हवन यज्ञ, गंगा पूजन व आरती।

सफलता और बहाने कभी एक साथ नहीं हो सकते। -अज्ञात

विचार-प्रवाह देहरादून, शनिवार, 30 नवंबर 2024

पेज थ्री www.page3news.in

# समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता

**बांग्लादेश के संदर्भ में यह बात ज्यादा मायने इसलिए भी रखती है कि एक देश के रूप में उसका जन्म ही धार्मिक उदारता जैसे मूल्यों की सार्थकता सिद्ध करता है। पाकिस्तान के अलग अस्तित्व के पीछे यह मान्यता थी कि धर्म एक राष्ट्र के बनने का ठोस आधार है।**

अनुज श्रीवास्तव।।

बांग्लादेश में अटॉर्नी जनरल मोहम्मद असदुज्जमां ने यह कहकर एक नई बहस शुरू कर दी है कि वहां के संविधान से 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्षता' शब्दों को हटा देना चाहिए। अटॉर्नी जनरल का यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है जब अवामी लीग की शेख हसीना सरकार को गिरे कुछ महीने ही हुए हैं और बांग्लादेश में अभी अंतरिम सरकार चल रही है। इस प्रस्ताव से यह चिंता गहरी हो गई है कि क्या बांग्लादेश एक इस्लामी राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है।

भारतीय उपमहाद्वीप और खासकर विभाजन के संदर्भ में देखें तो भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश– तीनों का साझा इतिहास है। ऐसे में अंग्रेजी उपनिवेशवाद से मुक्ति के बाद जहां भारत ने लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने का फैसला किया, वहीं पाकिस्तान को इस्लामी राष्ट्र का रास्ता भाया। बांग्लादेश की खासियत यह रही कि शुरू में पाकिस्तान का हिस्सा रहते हुए इस्लामी राष्ट्र का अनुभव लेने के बाद वह उससे अलग हुआ और उसने अपने लिए धार्मिक रूप से उदार राष्ट्र के स्वरूप को बेहतर माना।



बांग्लादेश के संदर्भ में यह बात ज्यादा मायने इसलिए भी रखती है कि एक देश के रूप में उसका जन्म ही धार्मिक उदारता जैसे मूल्यों की सार्थकता सिद्ध करता है। पाकिस्तान के अलग अस्तित्व के पीछे यह मान्यता थी कि धर्म एक राष्ट्र के बनने का ठोस आधार है। भारत ने विभाजन को स्वीकार करते हुए भी इस मान्यता को ठुकरा दिया। बांग्लादेश के एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में उदय ने एक बार फिर इस बात की पुष्टि कर दी कि सिर्फ धर्म किसी राष्ट्र के निर्माण की बुनियाद नहीं हो सकता।

तीनों देशों की अब तक की यात्रा के उतार–चढ़ावों पर गौर करें तो उससे भी यह बात स्थापित होती है कि धार्मिक कट्टरता किसी देश को सुख, शांति और समृद्धि की ओर नहीं ले जाती। पाकिस्तान में जिस तरह से लोकतंत्र की राह पर लौटने की कोशिशें बार–बार नाकाम होती रही हैं उससे साफ है धार्मिक कट्टरता के गड्ढे में गिरना जितना आसान है, उससे निकलना उतना ही मुश्किल। बांग्लादेश ने पिछले करीब एक दशक में जिस तरह से विकास के कीर्तिमान बनाते हुए ह्यूमन डिवेलपमेंट इंडेक्स में अपनी स्थिति सुधारी, उसके पीछे भी धार्मिक कट्टरता से दूरी की एक प्रमुख भूमिका मानी जाती रही है।

सच है कि आज दुनिया के कई इलाकों में धार्मिक कट्टरता का जोर बढ़ रहा है। उसी तर्ज पर अपने देश में भी अक्सर धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ माहौल बनाने की कोशिशें कुछ हलकों से होती हैं। लेकिन यह बात याद रखने की है कि धर्म चाहे जो भी हो, कट्टरता अपनी विशेषता नहीं छोड़ती। उसके बिछाए जाल को समझना और उससे दूरी बनाए रखना हर देश और समाज के विकास की बुनियादी शर्त है।

## मेहनत

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** तभी उसकी मां कहती है कि हां मुझे भी यह सपना कई बार आया है। फिर उसके बाद से भगवान श्री और भगवान श्री गणेश की कृपा उस परिवार तथा सुधा और सुनीता पर हमेशा से ही बनी रही है। उसका कुल्फी का विनर बहुत ज्यादा चल रहा था दिनों दिन वह तरक्की कर रही थी उसका बहुत सारा ब्रांच शहर तथा गांव में खुल चुके थे। अब तो सुनीता एक और पति बन चुकी थी लेकिन उन्होंने अपनी पढ़ाई बंद नहीं किया था। सुनीता अपनी मेहनत के दम पर आईएएस एग्जाम को क्लियर किया है और एक आईएएस ऑफिसर बन गया। लोग अपनी मान्यताओं तथा अपनी देवी–देवताओं को बहुत ज्यादा ख्याल रखा करते हैं। हमेशा प्रतिदिन किसी न किसी भगवान जैसे कि राम कृष्णा और हनुमान जी की पूजा किया करते हैं।

**...शेष कल**

# संपादकीय

## एक ही चिंता

साल 2014 के सीमा विवाद के बाद पिछले एक दशक में, खासकर 2020 के बाद, भारत के समान विचारधारा वाले देशों के साथ संबंध अभूतपूर्व ढंग से आगे बढ़े हैं। चीन को लेकर साझी चिंताओं ने भारत और कई दूसरे देशों के बीच नजदीकियां बढ़ाई हैं। सबसे बड़ा उदाहरण है भारत और अमेरिका के बीच रिश्ता। दोनों आज रक्षा, तकनीक, आर्थिक सुरक्षा और तमाम दूसरे मंचों पर साथ खड़े हैं। चीन के साथ संवेदनशील बातचीत के दौरान भी भारत ने अपने सहयोगियों के साथ कदमताल मिलाना बंद नहीं किया। चीन के साथ वार्ता चल रही थी, जबकि उसी दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग–ते से बात की, भारत में ताइवान का तीसरा प्रतिनिधि कार्यालय खुला, अमेरिकी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया जिसने दलाई लामा से मुलाकात की, क्वॉड के शिखर सम्मेलन में भाग लिया और दक्षिण चीन सागर में चीन के आक्रामक रुख का कड़ा जवाब दिया गया। ऐसा लगता है, भारत अब यह नहीं मानता कि अमेरिका और दूसरे देशों के साथ गहरे रिश्तों से चीन संग बातचीत में रुकावट आएगी। भारत मान रहा है कि इससे चीन को बातचीत की मेज तक लाने में मदद मिलेगी।

**भारत समेत दूसरे देशों के साथ उसकी बातचीत पुरानी चीनी नीति को दर्शाती है, जिसमें साझेदारों के बीच विभाजन पैदा कर गठबंधनों को संतुलित करने की कोशिश होती है।**

# भरोसे की कमी

तन्वी मदान।।

साल 2017 में डोकलाम संकट को सुलझाने के लिए चीन के साथ हुए समझौते की घोषणा पर लोगों का रिएक्शन कैसा था और हाल में जब एक और करार हुआ तो देश के विभिन्न क्षेत्रों से कैसी प्रतिक्रिया देखने को मिली, इन दोनों के बीच तुलना दिलचस्प है। भारतीय अधिकारियों ने इस बार समझौते के बारे में बताते हुए ज्यादा सावधानी बरती। जनता की बात करें तो उसने इस महत्वपूर्ण कदम की सराहना की। माना गया कि यह भारतीय कूटनीति की क्षमता और वैश्विक परिस्थितियों का असर है। लेकिन, यह भी चेतावनी आई कि चीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

यह इस बात का संकेत है कि भविष्य में दिल्ली और पेइचिंग चाहे जो राह अपनाएं, वह 2020 से पहले वाला रास्ता नहीं होगा। चीन ने बार–बार रिश्ते को फिर से पटरी पर लाने की बात कही है, लेकिन पटरी को नुकसान भी उसने ही पहुंचाया है। जैसा कि भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने संकेत दिया, इस समझौते से एक नए रास्ते की संभावना खुलती है, लेकिन यह कैसे बनेगा और इसका अंतिम लक्ष्य क्या होगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि चीन अपने पुराने और नए वादों को कैसे निभाता है। फिर भी, चीन पहले ही भारत को बदल चुका है।



यह संभव नहीं लगता कि उसकी नीतियों या कार्यों में कोई बड़ा बदलाव आए बिना रिश्ते पहले जैसे हो पाएंगे। हमें अब भी एकदम सही तरह से नहीं पता कि चीन ने 2020 में आक्रामक कदम क्यों उठाया या इस समय समझौता क्यों किया। हमें यह पता है कि उसने पिछले कुछ वर्षों में ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के साथ भी बिगड़े हुए संबंधों को स्थिर करने की कोशिश की है। विश्लेषकों का मानना है कि इसके पीछे वजह है उस पर पड़ता रणनीतिक और आर्थिक दबाव। इसका असर चीन के भीतर शी चिनफिंग के शासनकाल पर भी पड़ सकता है।

भारत समेत दूसरे देशों के साथ उसकी बातचीत पुरानी चीनी नीति को दर्शाती है, जिसमें साझेदारों के बीच विभाजन पैदा कर गठबंधनों को संतुलित करने की कोशिश होती है।

एलएसी पर गतिरोध शुरू होने और इस समझौते तक पहुंचने के दौरान भारत हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठा रहा। उसने अपनी रक्षा क्षमता को मजबूत किया है। सीमा की स्थिति अब बदल चुकी है। वहां अब अधिक सैनिक, सैन्य साजो–सामान और इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद हैं। इसका एक कारण चीन के प्रति भरोसे की कमी भी है।

चीन को पहले भारत के लक्ष्यों को हासिल करने में एक मददगार के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब उसे एक रुकावट समझा जा रहा है। दोनों का रिश्ता पहले स्थिरता का स्रोत था और अब असुरक्षा का कारण है। जो आर्थिक संबंध पहले एक अवसर माने जाते थे, अब उन्हें कमजोरी के रूप में देखा जा रहा। पहले माना जाता था कि वैश्विक मंच पर भारत को उसकी सही जगह दिलाने में चीन मददगार है। हालांकि अब उसे हिंदुस्तान का मुख्य प्रतिस्पर्धी माना जाता है। ग्लोबल साउथ से लेकर ठत्पै तक, हर जगह यही हाल है। भारत की रणनीतिक स्वतंत्रता को बढ़ाने में सहायक होने की जगह आज चीन को इसमें एक बड़ी रुकावट माना जा रहा।

## सूडोकू बवाल-5319

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू बवाल -5318 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## अपना ब्लॉग

### अमेरिका का रुख

**मोहन।** भारत के साझेदार, जैसे कि अमेरिका, इस हालिया समझौते से आश्चर्यचकित नहीं होंगे। लंबे समय से जाहिर था कि भारत और चीन के बीच गंभीर बातचीत चल रही है। वॉशिंगटन इसे तनाव कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानेगा, लेकिन पेइचिंग के पुराने रवैये को देखते हुए यह देखना चाहेगा कि क्या वास्तव में समझौते पर अमल होता है। अमेरिका ने भी चीन के साथ अपने संबंधों में एक न्यूनतम स्तर बनाए रखने की कोशिश की है। इसके अलावा, अमेरिका यह भी समझता है कि चीन के साथ भारत की सीमा साझा है और ऐसे में कुछ दूसरे दबाव भी हैं। लेकिन, अमेरिका और दूसरे साझेदारों के मन में यह सवाल होगा कि चीन के साथ नए समझौते से उनके और भारत के रिश्तों पर कैसा असर पड़ेगा। भारत भी अमेरिका या ऑस्ट्रेलिया के साथ चीन की बातचीत को लेकर चिंतित रहता है। जिस तरह इन देशों को चीन के साथ अपनी बातचीत के बारे में भारत को बताना चाहिए, उसी तरह भारत को भी अपने साझेदारों को बताना चाहिए कि उसके और चीन के बीच क्या चल रहा है।





## ये है मोहब्बतें एक्टर अभिषेक वर्मा ने की सगाई, कहा– होने वाली पत्नी

अभिषेक वर्मा फेमस सिटकॉम श्ये है मोहब्बतेंश में अपने रोल के लिए जाने जाते हैं। एक्टर ने शो में श्आदिश यानी लीड रोल के बेटे का किरदार निभाया था। एक्टर फिलहाल अपने निजी जीवन में व्यस्त हैं क्योंकि वह अपनी गर्लफ्रेंड इदित्री गोयल से शादी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अपने इंस्टा हैंडल पर अभिषेक ने अपनी प्यारी मंगेतर के साथ उनकी सगाई की कुछ तस्वीरें शेयर कीं और उन्हें अपनी श्पत्नीश कहकर बुलाया। अभिषेक वर्मा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर मंगेतर इदित्री गोयल के साथ फोटोज शेयर कीं। तस्वीरों में यह जोड़ी एक–दूसरे के साथ मस्ती भरे अंदाज में पोज देती नजर आ रही है। मखमली लहंगे में इदित्री सुंदर लग रही थीं। उन्होंने अपने लहंगे को स्ट्रैपी ब्लाउज के साथ टीमअप किया। दूसरी ओर, अभिषेक वर्मा काले रंग के कुर्ते में हैंडसम लग रहे थे, जिसे बॉर्डर के साथ हाइलाइट किया गया था। उन्होंने इसे मैचिंग पैंट और बूट्स के साथ पेयर किया। अभिषेक अपनी मंगेतर को देखते हुए बहुत प्यार में लग रहे थे और तस्वीरें दोनों के बीच के प्यार को बयां करने के लिए काफी थीं। तस्वीरों के साथ अभिषेक ने एक लंबा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने इदित्री गोयल के साथ अपनी प्रेम कहानी के बारे में बात की।

## 15 साल से करोड़पति बिजनेसमैन एंटनी को डेट कर रही है बेबी जॉन की हसीना

साउथ फिल्मों की पॉपुलर स्टार कीर्ति सुरेश ने अपना रिलेशनशिप पब्लिक कर दिया है। उन्होंने ऐलान किया है कि वह बिजनेसमैन एंटनी थाटिल को डेट कर रही हैं। कीर्ति सुरेश और एंटनी पिछले 15 साल से रिलेशन में हैं, पर एक्ट्रेस ने अब जाकर अपना रिश्ता कन्फर्म किया है। बेबी जॉन को लेकर चर्चा में कीर्ति सुरेश ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एंटनी संग अपनी एक तस्वीर शेयर की, जिसमें दोनों आसमान की तरफ देख रहे हैं, और कैमरे की ओर उनकी पीठ है। आसपास आतिशबाजी हो रही है और पटाखे जल रहे हैं। साथ में कीर्ति ने लिखा, श15 साल हो गए और अभी भी जारी है. ...हमेशा से ही एंटनी और कीर्ति साथ थे। कीर्ति सुरेश के इस पोस्ट पर फैंस और सेलेब्स के खूब कमेंट आ रहे हैं। वो कपल को बधाइयां दे रहे हैं। टोविनो थॉमस और सामंथा रुथ प्रभु से लेकर राशि खन्ना और मालविका मोहनन तक ने कीर्ति सुरेश को बधाई दी। एंटली थाटिल जाने–माने बिजनेसमैन हैं और दुबई के रहने वाले हैं। उनका केरल और चेन्नई में भी बिजनेस है।


## बरसों बाद गोविन्दा संग ठुमके लगाते दिखे कृष्णा अभिषेक



कपिल शर्मा के कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो के दूसरे सीजन पर इस बार धमाका होने जा रहा है। द ग्रेट इंडियन कपिल शो 2 का नया प्रोमो आया है जिसमें बरसों बाद एक बार फिर से गोविंदा अपने भांजे कृष्णा के साथ मस्ती करते दिख रहे हैं। इस शो का आनेवाला ये एपिसोड यादगार होनेवाला है। दरअसल कृष्णा अभिषेक का अपने मामा गोविंदा के साख पिछले करीब 7 साल से तकरार नजर आ रही थी। अब ये दूरियां मिटने लगी हैं और एक बार फिर से दोनों मामा और भांजा कॉमेडी के इस शो में साथ मिलकर तड़का लगाते दिख रहे हैं। इस वीडियो में कृष्णा अभिषेक कहते नजर आ रहे हैं– बहुत साल बाद मिले, आज नहीं छोड़ूंगा मैं। इसी के साथ दोनों गले मिलने लगते हैं। इसके बाद गोविन्दा की तारीफ में कृष्णा कहने लगते हैं– हीरो नंबर 1, कुली नंबर 1 और मामा नंबर 1 ...ये सुनते ही गोविन्दा कहते हैं– ये मामा नंबर 1 का क्या मतलब हुआ? हल्के में लेके मामा बना रहा है क्या? इस दौरान कृष्णा की बहन आरती की भी एक झलक नजर आ रही है जिसे देखकर ऐसा लग रहा है कि वो बरसों बाद इस मुलाकात को लेकर बेहद खुश हो रही हैं। इसके बाद शक्ति कपूर कहते दिख रहे हैं– चार साल हो गए, मेरे से 4 हजार उधार लिए थे, अभी तक वापस नहीं किया। इसी दौरान गोविन्दा अपने पैरों में गोली लगने वाली घटना का भी मजाक उड़ाते दिख रहे हैं।

# ऐश्वर्या राय की भाभी श्रीमा ने की सासु मां की तारीफ

*कैंसर एक ऐसी बीमारी है जो धीमी जहर की तरह है जो न केवल उस एक इंसान को बीमार कर देता है बल्कि उसके आसपास के लोगों के दिलों पर भी जख्म छोड़ जाता है। कई बार लोग कैंसर के बारे में बातें करने से भी बचने की कोशिश करते हैं जब वे या उनका परिवार इस जंग से लड़ रहा होता है। अब ऐश्वर्या राय की भाभी ने अपनी सासु मां बृंदा राय के लिए पोस्ट शेयर कर उनका हाल बताया है और जिस तरह से वो इस बीमारी से लड़ रही हैं उसके लिए उनकी तारीफ की है। यहां याद दिला दें कि ऐश्वर्या राय बच्चन ने पिछले साल एक पोस्ट शेयर कर बताया था कि उनकी मां कैंसर से जूझ रही हैं। अब, ऐश्वर्या की ननद श्रीमा ने भी अपनी सासु मां बृंदा राय की कैंसर इस लड़ाई पर उनकी सराहना करते हुए पोस्ट शेयर किया है।*




एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**श्रीमा ने सासु मां से मिले सपोर्ट की जी भर कर तारीफ की**

श्रीमा ने अपने इस पोस्ट में सासु मां के साथ अपनी तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में बृंदा राय के सिर पर क्वीन वाला क्राउन भी नजर आ रहा है। उन्होंने इस पोस्ट की शुरुआत में सासु मां की तारीफ करते हुए लिखा है कि वो जब भी कभी बाहर रहीं उस दौरान उन्होंने जो सपोर्ट, प्यार और बच्चों के लिए बेबी सीटिंग की उसके लिए शब्द नहीं हैं।

**उनके बारे में ज्यादा पोस्ट करने से क्यों परहेज किया**

श्रीमा ने आगे लिखा, वो कैंसर से गुजर रही थीं, इसलिए मैंने उनके बारे में ज्यादा पोस्ट करने से परहेज किया, क्योंकि वो अच्छे हाल में नहीं दिख रही थीं और मैं उनकी प्राइवेसी का




सम्मान करती हूं।

**पिछले साल ऐश्वर्या ने बताया था मां के कैंसर के बारे में**

बता दें ति पिछले साल अपने 50वें जन्मदिन पर ऐश्वर्या ने मां के कैंसर के बारे में बताया था। ऐश्वर्या ने कैंसर रोगियों और इससे बचे लोगों के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था, मुझे नहीं पता कि मुझे यह कहना चाहिए या नहीं, लेकिन कैंसर ने हमारे जीवन को पर्सनली प्रभावित किया है। सबसे पहले मेरे पिता को यह हुआ और इस साल की शुरुआत में मेरी मां को भी हुआ, लेकिन वह इतने सारे शानदार डॉक्टरों की मदद और सभी से मिले ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद से इससे बाहर आ गई हैं।

# 22 साल की रीम शेख ने मोनोकिनी पहनकर मालदीव में बढ़ाया तापमान

*फेमस टेलीविजन एक्ट्रेस रीम शेख अक्सर अपनी अदाएं दिखाती हैं और फैंस को घायल कर देती हैं। हाल ही में उन्होंने काले रंग की मोनोकिनी पहनकर समंदर किनारे तापमान बढ़ाया और हर कोई उन्हें देखकर दंग रह गया है। आइए दिखाते हैं रीम की तस्वीरें।*



फेमस टेलीविजन एक्ट्रेस रीम शेख मालदीव की अपनी छुट्टियों से हर किसी का ध्यान खींच रही हैं, जहां वह समंदर किनारे तापमान बढ़ा रही हैं। अपने स्टाइलिश लुक से वो हमेशा ही फैंस को दीवाना बनाती हैं। एक्ट्रेस ने अब काले मोनोकिनी में धूप सेंकते हुए अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। उनके फैंस और दोस्त उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं। आइए जल्दी से उनके लुक को दिखाते हैं। रीम शेख की मोनोकिनी में फोटो देखकर फैंस उनसे नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। ड्रेस पर स्कैलप्ड का टच काफी सुंदर लग रहा है, जबकि कमर पर एक कट–आउट डिजाइन भी है।

**समंदर किनारे रीम शेख**

कई लोग सोच सकते हैं कि समंदर के लिए काला रंग थोड़ा अजीब है, लेकिन मोनोकिनी का काला रंग न केवल उनकी धूप में चमकती स्किन को दिखा रहा है बल्कि उनकी खूबसूरती को भी बढ़ा रहा है।

**रीम शेख का बीच फैशन**

उन्होंने आउटफिट को गोल काले धूप के चश्मे के साथ पेयर किया, एक्सेसरीज को कम रखा। एक्ट्रेस ने पोस्ट को कैप्शन के साथ अपलोड किया, श्बीच बेबी।श पोस्ट ने तुरंत ही रीम के दोस्तों और फैंस का ध्यान खींच लिया। एक्ट्रेस प्रतिमा रांटा ने कमेंट करते हुए लिखा– उफ्फ! उनके एक फैन ने कमेंट किया– इतना सुंदर है सबकुछ।

**रीम शेख की उम्र**

रीम की काली मोनोकिनी की पसंद उन लोगों के लिए बेस्ट है जो बीच पर जाकर फैशन फ्लॉन्ट करना चाहते हैं। बता दें कि रीम केवल 22 साल की हैं और उनके फैंस उनके लुक्स के दीवाने हैं।

# रात में पसीना आना बेहद खतरनाक, खुद कैसे कर सकते हैं इलाज?

*पसीना आना जरूरी है, लेकिन बेवजह पसीना आना खतरनाक है। रात में बढ़िया नींद लेने के लिए जरूरी है कि किसी भी तरह की कोई बाधा न आए। लेकिन कुछ लोगों को सोते वक्त पसीना आने की दिक्कत होती है। जो कि ढंग से नींद लेने नहीं देती। पुरुषों और महिलाओं में इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिनके बारे में जानते हैं।*




**मेनोपॉज**
जब किसी 45–50 साल की उम्रदराज महिला को 12 महीने तक लगातार पीरियड नहीं होते तो उसे मेनोपॉज की स्थिति मान लिया जाता है। रात में पसीना आना या गर्मी लगना इसके लक्षण हो सकते हैं। इसमें शराब छोड़ने या ठंडे तापमान में रहने से खुद समस्या को कंट्रोल कर सकते हैं। हालांकि कई बार डॉक्टरी सहायता लेनी पड़ सकती है।

**एंग्जायटी**
मानसिक स्वास्थ्य का शरीर पर पूरा प्रभाव पड़ता है। एनएचएस कहता है कि यदि आपको एंग्जायटी यानी अत्यधिक चिंता हो रही है तो रात में सोते हुए काफी पसीना आ सकता है। एक्सरसाइज, बैलेंस्ड डाइट, पर्याप्त नींद, योगा, रिलैक्सिंग ब्रीदिंग जैसे लाइफस्टाइल चेंज की मदद से इस समस्या का इलाज किया जा सकता है। लेकिन गंभीर मामलों में चिकित्सक की मदद लेनी पड़ सकती है।

**इंफेक्शन**
बैक्टीरियल, वायरल, डेंगू, मलेरिया, निमोनिया, टीबी, एचआईवी जैसे इंफेक्शन की वजह से भी पसीना आ सकता है। इसके इलाज के लिए आपको डॉक्टर की सहायता ही लेनी चाहिए। वह कुछ जरूरी दवाएं और परहेज की जानकारी दे सकता है।

**लो ब्लड शुगर**
अगर नींद के दौरान बहुत ज्यादा पसीना आ रहा है तो एक बार ब्लड शुगर की जांच करवा लें। क्योंकि लो ब्लड शुगर के कारण यह दिक्कत हो सकती है। इसके इलाज के लिए तुरंत चीनी, ओआरएस आदि का सेवन करें और डॉक्टर के पास जाएं।

**कुछ दवाएं**
कई बार पसीना आने की वजह कुछ दवाएं हो सकती हैं। थायराइड, इंफ्लामेशन जैसी कई समस्याओं के इलाज में दी जाने वाली मेडिसिन के बाद पसीना आ सकता है। अगर आपने हाल ही में कोई दवा शुरू की है तो उसके बारे में डॉक्टर को बताएं।



## 40 के बाद अनचाही प्रेग्नेंसी का रिस्क क्यों बढ़ जाता है, हो सकता है नुकसान

जब महिलाओं का पेरीमेनोपॉज प्रोसेस शुरू होता है तो उनके पीरियड्स अनियमित हो जाते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि महिला प्रेग्नेंट हो जाती है और वह इस भ्रम में रहती है कि मेनोपॉज के कारण उसे पीरियड्स नहीं हुए। 40 की उम्र के बाद ऐसी अनचाही प्रेग्नेंसी न हो इसके लिए महिलाओं को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इसके बारे में बता रही हैं मुंबई के मेडिकवर हॉस्पिटल की कंसल्टेंट गायनेकोलॉजिस्ट और इन्फर्टिलिटी एक्सपर्ट डॉ अनुरंजिता पल्लवी। 40 की उम्र के बाद जब महिलाओं के पीरियड्स अनियमित होने लगते हैं तो वो निश्चिंत हो जाती हैं कि अब वो प्रेग्नेंट नहीं होंगी। लेकिन इसी लापरवाही के कारण कई बार महिलाएं प्रेग्नेंट हो जाती हैं। अगर प्रेग्नेंसी 12 हफ्ते से ज्यादा की हो जाए तो ये महिला के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। महिलाओं को मेनोपॉज के दौरान भी अपने पीरियड्स पर ध्यान देना चाहिए ताकि अनचाही प्रेग्नेंसी से बच सकें। महिलाओं के शरीर में अंडों की संख्या निश्चित होती है। 40 की उम्र के बाद महिला के शरीर में अंडों की संख्या तेजी से कम होने लगती है। पेरीमेनोपॉज के दौरान अगर किसी महिला को 2 महीने तक पीरियड्स नहीं आए तो उसे प्रेग्नेंसी टेस्ट करा लेना चाहिए।

## बादाम जितनी पावरफुल हैं ये चीजें, प्रोटीन–कैल्शियम का खजाना

बादाम खाने के फायदों की बात करें, तो इससे दिल को स्वस्थ रखने, दिमाग तेज करने, वजन कंट्रोल करने, हड्डियों को मजबूत बनाने, डायबिटीज कंट्रोल रखने, पाचन में सुधार करने, त्वचा और बालों को स्वस्थ रखने में मदद मिलती है। अखरोट ओमेगा–3 फैटी एसिड से भरपूर होता है, बादाम की तरह दिल और दिमाग को बेहतर रख सकता है। एंटीऑक्सीडेंट और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर अखरोट सेहत को विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से बचाने में सहायक है। यह प्रोटीन, फाइबर और मैग्नीशियम का भी अच्छा स्रोत है। आप अखरोट को सलाद, ओटमील या स्मूदी में मिलाएं, या स्नैक के रूप में खाएं। आपने इसका नाम जरूर सुना होगा। इनका आजकल खूब सेवन किया जाता है। यह ओमेगा–3, फाइबर और प्रोटीन से भरपूर होते हैं और इनमें कैल्शियम, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट भी अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। आप इन्हें दही, स्मूदी या पुडिंग में मिलाकर खाएं। अलसी के बीज एंटीऑक्सीडेंट का काम करते हैं। इसमें दिल को स्वस्थ रखने वाला ओमेगा–3 और घुलनशील फाइबर भी पाया जाता है। इनमे सेवन से डायबिटीज, मोटापा और कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल होता है। आप पिसे हुए फ्लैक्ससीड्स को अनाज, दलिया या बेक्ड चीजों में मिलाकर खाएं।

# वजन कम करने का देसी तरीका, हरी दाल ज्यादा ताकतवर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

*मोटापा एक गंभीर और तेजी से बढ़ती समस्या है जिससे सेहत को कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। मोटापा डायबिटीज से लेकर कैंसर तक कई जानलेवा बीमारियों की वजह है। मोटापे से बचने या वजन कंट्रोल करने के लिए डाइट का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। आप क्या खाते हैं, इससे आपका वजन बढ़ भी सकता है और घट भी सकता है। कथावाचक अनिरुद्धाचार्य जी ने माना है कि वजन बढ़ने का एक बड़ा कारण आपके खाने का गलत तरीका है। उन्होंने बताया कि वजन बढ़ने का एक बड़ा कारण ज्यादा रोटी खाना है। अक्सर लोग दस–दस रोटी खा जाते हैं। उन्होंने बताया कि दाल और सब्जी जैसी जिन चीजों का अधिक सेवन करना चाहिए, उन्हें कम खाते हैं। खासकर महिलाएं थोड़ी सी दाल या सब्जी के साथ पांच–छह रोटी खाती हैं, जो उनमें मोटापे का कारण है।*



**6 रोटी नहीं 6 कटोरी दाल से बनेगी बात**
अनिरुद्धाचार्य ने बताया कि अगर आपको वजन बढ़ने से रोकना है और उसे कम करना है, तो आपको छह–छह रोटी खाने की जरूरत नहीं है बल्कि उसकी जगह छह कटोरी दाल पीना चाहिए। रोटी सिर्फ एक या दो ही खानी चाहिए।

**दाल प्रोटीन का बढ़िया स्रोत**
अनिरुद्धाचार्य ने बताया है कि दाल वजन कंट्रोल करने का एक बढ़िया तरीका है। पेट भरने के लिए रोटी नहीं बल्कि दाल खानी चाहिए। दाल प्रोटीन का बढ़िया स्रोत है। प्रोटीन वजन कम करने और मांसपेशियों को बढ़ाने के लिए जरूरी पोषक तत्व है।




**भर-भरकर चावल खाना बंद करें**
अनिरुद्धाचार्य ने बताया कि चावल मोटापे की एक बड़ी वजह है। बहुत से लोग प्लेट भर–भरकर चावल खाते हैं। ज्यादा चावल खाने से मोटापा बढ़ सकता है। ऐसा करना बंद करें। चावल थोड़े खाएं और इसके बजाय दाल और सब्जी का ज्यादा सेवन करें।

**बच्चों को मूंग दाल ज्यादा खिलाएं**
वजन कंट्रोल रखने और शरीर को ताकतवर बनाने के लिए दाल पियो और बच्चों को दो कटोरी दाल पीने को दो। उन्ही मूंग की दाल खिलाओ। दाल से शरीर की ताकत बढ़ती है। चावल और रोटी खाने से मोटापा आता है। दाल और सब्जी से शरीर को एनर्जी मिलती है।

**दाल का पानी भी है असरदार**
अनिरुद्धाचार्य ने बताया कि दाल के साथ–साथ दाल का पानी भी सेहत के लिए बढ़िया है। उन्होंने बताया कि डॉक्टर भी दाल के पानी के सेवन की सलाह देते हैं। इसकी वजह है यह है कि इससे मोटापा नहीं बढ़ता है।

## ठंडा है तो क्या हुआ, सर्दी में खाना न छोड़ें खीरा, न शुगर बढ़ेगी न मोटापा



खीरा एक हेल्दी फूड है, जिसे ज्यादातर गर्मी में खाया जाता है। यह पेट की गर्मी शांत करने, शरीर में पानी का लेवल बनाए रखने और वेट लॉस करने में मदद करता है। लेकिन कई सारे लोग सर्दी में इसे खाना छोड़ देते हैं क्योंकि इसकी तासीर ठंडी होती है। साथ ही यह बात बढ़ाने वाला माना जाता है, जिससे ठंड में गैस की दिक्कत हो सकती है। सर्दी के मौसम में शरीर की जठराग्नि कमजोर हो जाती है। इस वजह से खीरा पचने में बाधा पैदा हो सकती है और गैस, अपच की दिक्कत हो जाती है। लेकिन इन समस्याओं से बचा जा सकता है अगर आप खीरा खाने का सही तरीका जान लें। सर्दी में खीरा खाने के फायदे और सही तरीके के बारे में आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉ. अबरार मुल्तानी ने बताया है। खीरा बॉडी को डिहाइड्रेशन से बचाता है। सर्दी में प्यास कम लगती है और इस वजह से शरीर डिहाइड्रेट हो सकता है। मुंह सूखना, स्किन ड्राई होना, होंठ फटना इसके प्रमुख लक्षण हैं। डॉक्टर मुल्तानी कहते हैं कि खीरे में 90 प्रतिशत के करीब केवल पानी होता है जो हाइड्रेशन करने में मदद करता है। इस मौसम में खाना–पीना ज्यादा होता है, जिस वजह से वजन कम करना मुश्किल हो जाता है। लेकिन खीरे का सलाद डाइट में जोड़ने से कैलोरी इनटेक कम की जा सकती है। वहीं फाइबर पेट को देर तक भरा रखता है और भूख शांत करता है।



**गिल हैं अहम**

गिल अगर फिट होंगे तो फिर उनका खेलना तय है। वह टीम इंडिया के अहम सदस्य हैं। नंबर–3 पर वह लंबे समय से खेलते आ रहे हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज के आने से टीम को मजबूती मिलेगी। गिल के पास पिछले ऑस्ट्रेलियाई दौरे का अनुभव भी है। भारत के लिए एडिलेड एक बुरे सपने से कम नहीं है। पिछले ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर इस मैदान पर सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेला गया था जो डे–नाइट मैच था। इस मैच की पहली पारी में टीम इंडिया सिर्फ 36 रन बनाकर ऑल आउट हो गई थी।

## गिल के आने से कप्तान रोहित और गंभीर की टेंशन बढ़ जाएगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम ने पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया था। टीम इंडिया ने ये जीत तब हासिल की थी जब उसके दो मुख्य बल्लेबाज टीम में नहीं थे। रोहित शर्मा बेटे के जन्म के कारण पहला मैच नहीं खेले थे। वहीं शुभमन गिल भी इस मैच में नहीं खेले थे। गिल चोट के कारण बाहर थे। अब गिल को लेकर ऐसी खबर आई है कि रोहित और हेड कोच गौतम गंभीर की टेंशन बढ़ जाएगी। हालांकि, मामला अभी होल्ड पर है। गिल को पर्थ टेस्ट मैच से पहले अभ्यास मैच में अंगूठे में चोट लग गई थी। इसी कारण वह पहला टेस्ट मैच नहीं खेले थे। हालांकि गिल अब ठीक हो गए हैं। उन्होंने नेट प्रैक्टिस भी की। गिल का नेट्स पर बल्लेबाजी करने का वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर तैर रहा है। भारत को कल से ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री–इलेवन के खिलाफ मैच खेलना है। इस मैच में गिल का मौका मिल सकता है। हालांकि, रोहित शर्मा ने अभी इस पर अंतिम फैसला नहीं लिया है। ये फैसला होल्ड पर है। हालांकि, गिल के आने से कप्तान रोहित और कोच गंभीर की टेंशन बढ़ जाएगी। रोहित के आने से एक बदलाव तय है। गिल फिट हो जाते हैं तो फिर टीम को अगले टेस्ट मैच में दो बदलाव करने पड़ेंगे।

# पिंक बॉल टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया की पीएम 11 से भिड़ेगा भारत

## भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट एडिलेड में डे–नाइट होना है

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ शनिवार से मानुका ओवल पर शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच में भारतीय टीम एडीलेड में डे–नाइट के टेस्ट से पहले अपना बल्लेबाजी संयोजन तय करने के इरादे से उतरेगी। भारत ने अब तक दिन रात के चार टेस्ट खेले हैं और एकमात्र पराजय चार साल पहले एडीलेड में मिली जब टीम 36 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद हालांकि भारत ने वापसी करके चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला जीती थी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 9:10 बजे शुरू होगा।

गुलाबी गेंद सूर्यास्त के समय खेलना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। चूंकि अभ्यास मैच को प्रथम श्रेणी मैच का दर्जा नहीं है लिहाजा भारत के अधिकांश बल्लेबाज अभ्यास करना



चाहेंगे। पर्थ टेस्ट 295 रन से जीतने के बाद भारतीय टीम का मनोबल ऊंचा है। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे कप्तान रोहित शर्मा और अंगूठे के फ्रेक्चर से उबरे शुभमन गिल टीम में लौटे हैं जिससे छह दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिये बल्लेबाजी क्रम में बदलाव हो सकता है।

रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल सलामी बल्लेबाज हैं लेकिन पर्थ टेस्ट में जायसवाल और केएल राहुल ने अच्छा प्रदर्शन किया। ऐसे में रोहित बल्लेबाजी क्रम में नीचे भी उतर सकते हैं। ऐसा होने पर गिल का क्रम भी बदलेगा। भारत को अभ्यास मैच में ही ये प्रयोग करने होंगे। यह दो दिवसीय मैच ही है जिसमें गेंदबाजों की बजाय बल्लेबाजों को अधिक अभ्यास की जरूरत है।

सरफराज खान जैसे बल्लेबाज भी हाथ आजमाना चाहेंगे हालांकि किसी के चोटिल होने की दशा में ही उन्हें मौका मिल सकता है। गिल ने नेट्स पर टीम के साथ अभ्यास किया। भारतीय टीम इस दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेल रही है क्योंकि अमूमन वे प्रतिस्पर्धी नहीं होते। प्रधानमंत्री एकादश टीम की कमान जैक एडवर्ड्स के हाथ में है। टीम में ऑस्ट्रेलिया के अंडर 19 स्टार चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमैन, एडेन ओकोनोर और सैम कोंस्टास भी हैं।

**भारतीय क्रिकेट टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर।

# जो रूट अपने 150वें टेस्ट में बिना खाता खोले आउट हुए

■ विराट कोहली और स्टीव स्मिथ का भी रिकॉर्ड तोड़ा


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट अपने 150वें टेस्ट को खास बनाने के पहले मौके से चूक गए। न्यूजीलैंड के खिलाफ हेगले ओवल में चल रहे पहले टेस्ट की पहली पारी में जो रूट बिना खाता खोले आउट हो गए। रूट की पारी केवल 4 गेंदों की रही। उन्हें डेब्यूटेंट नाथन स्मिथ ने आउट किया।

रूट के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है। वह अपने टेस्ट करियर में 13वीं बार शून्य पर आउट हुए। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप पर ध्यान दें तो इसमें वह आठवीं बार बिना खाता खोले आउट हुए। बता दें कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने के मामले में रूट ने विराट कोहली और स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ दिया है।

स्मिथ–कोहली डब्ल्यूटीसी में सात–सात बार बिना खाता खोले आउट हुए। इसके अलावा जो रूट दुनिया के तीसरे ऐसे बल्लेबाज हैं जो अपने 150वें टेस्ट में बिना खाता खोले आउट हुए। रूट से पहले ऑस्ट्रेलिया के स्टीव वॉ और रिकी पोंटिंग भी अपने 150वें टेस्ट में बिना खाता खोले आउट हुए थे। बता दें कि जो रूट पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने पिछली पांच पारियों में केवल 90 रन बनाए हैं। इससे पहले उन्होंने मुल्तान में दोहरा शतक जड़ा था।

वैसे, जो रूट के जल्दी आउट की कमी हैरी ब्रूक ने नहीं खलने दी। ब्रूक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नाबाद



शतक जड़ा। दिन का खेल समाप्त होने तक ब्रूक ने 163 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के की मदद से नाबाद 132 रन बनाए। उनके साथ स्टंप्स के समय कप्तान बेन स्टोक्स (37') क्रीज पर डटे रहे।

याद दिला दें कि न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी की और उसकी पहली पारी 91 ओवर में 348 रन पर ऑलआउट हुई। जवाब में इंग्लैंड ने दूसरे दिन स्टंप्स तक 74 ओवर में 5 विकेट खोकर 319 रन बनाए। मेहमान टीम अभी न्यूजीलैंड के स्कोर से 29 रन पीछे है जबकि उसके पांच विकेट शेष हैं।

## पार्थ जिंदल ने खोला ऋषभ पंत के अलगाव का राज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के सह–मालिक पार्थ जिंदल ने खुलासा किया कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मेगा नीलामी से पहले ऋषभ पंत को बनाए रखने के लिए फ्रेंचाइजी ने हर संभव कोशिश की लेकिन इस दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज के साथ टीम संचालन को लेकर प्रबंधन के विचार एक जैसे नहीं थे। कैपिटल्स ने पंत को टीम में बरकरार नहीं रखा और बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को हाल ही में मेगा नीलामी में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा। वह आईपीएल इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। जिंदल ने कहा, 'फ्रेंचाइजी के संचालन पर हमारी सोच अलग–अलग थी। यही कारण है कि यह (पंत का टीम से अलग होना) हुआ। इसका पैसे से इसका कोई लेना–देना नहीं है।' उन्होंने कहा, 'ऋषभ के लिए पैसा कभी कोई मुद्दा नहीं रहा।

## न्यूज डायरी



### सिर्फ 71 गेंदों में ढेर हुई पारी, 100 साल बाद ऐसा शर्मसार हुआ श्रीलंका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** डरबन। दक्षिण अफ्रीका ने मार्को यानसेन (13 रन देकर सात विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बदौलत गुरुवार को यहां किंग्स्मीड में श्रीलंका को टेस्ट क्रिकेट में उसके न्यूनतम 42 रन के स्कोर पर समेट दिया। इससे पहले श्रीलंका का न्यूनतम स्कोर पाकिस्तान के खिलाफ कैंडी में 20 साल पहले का है जिसमें टीम महज 71 रन पर ढेर हो गई थी। दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन श्रीलंका को पहली पारी में केवल 83 गेंद (13.5 ओवर) में आउट कर दिया।

100 साल में इतनी कम गेंद में पारी समेटने का भी यह रिकॉर्ड रहा। इंग्लैंड ने 1924 में दक्षिण अफ्रीका को 75 गेंद में ढेर कर दिया था। किंग्स्मीड पर भी यह न्यूनतम स्कोर और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी यह रिकॉर्ड न्यूनतम स्कोर रहा। न्यूजीलैंड की टीम 2013 में केपटाउन में 45 रन पर सिमट गई थी। पिच पहले टेस्ट के दूसरे दिन बल्लेबाजी के मुफीद लग रही थी और दक्षिण अफ्रीका ने सुबह चार विकेट पर 80 रन से आगे खेलते हुए 111 रन जोड़े और पहली पारी 191 रन पर खत्म की। श्रीलंका के लिए कामिंडु मेंडिस 13 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। श्रीलंकाई पारी में चार खिलाड़ी शून्य पर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के मध्यम गति के गेंदबाज यानसेन ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 6.5 ओवर में 13 रन देकर सात विकेट झटके। यानसेन ऑस्ट्रेलिया के ह्यूज ट्रम्बल (इंग्लैंड के खिलाफ 1904 में) के बाद टेस्ट पारी में सात ओवर के अंदर सात विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं।

### शाहिद अफरीदी ने भारत के जख्मों पर छिड़का नमक, याद दिलाया 26/11 अटैक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अगले साल होने वाली चौंपियंस ट्रॉफी को लेकर अभी तक पेंच फंसा हुआ है। बीसीसीआई टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजने के सख्त खिलाफ है। वहीं पाकिस्तान भी हाइब्रिड मॉडल को लेकर राजी नहीं हो रहा है। इसे लेकर आज बड़ा फैसला आ सकता है। लेकिन इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने बड़ी बात कह दी है और भारत को नसीहत देने की कोशिश की है। बीसीसीआई ने आईसीसी को मेल लिखकर साफ बता दिया है कि भारतीय सरकार ने टीम इंडिया को पाकिस्तान जाने की इजाजत नहीं दी है। आईसीसी ने इस बात से पीसीबी को अवगत करा दिया है और इसी के साथ पाकिस्तान के चौंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पर खतरा मंडरा रहा है। बीसीसीआई ने हाइब्रिड मॉडल में इसको कराने की बात कही जिसके तहत टीम इंडिया के मैच किसी और देश में कराने की बात है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस बात के लिए राजी नहीं है। शाहिद अफरीदी ने एक्स पर एक पोस्ट किया है जिसमें भारत को नसीहत दी है। उन्होंने लिखा है कि वह पीसीबी के हाइब्रिड मॉडल न अपनाने की बात का समर्थन करते हैं। अफरीदी ने लिखा, ष्राजनीति और खेल को मिलाकर बीसीसीआई ने इंटरनेशनल क्रिकेट को मुश्किल में डाल दिया है। मैं पूरी तरह से पीसीबी के हाइब्रिड मॉडल न अपनाने के फैसले के साथ खड़ा हूं। वो भी तब जब पाकिस्तान ने 26/11 के बाद सुरक्षा कारणों की परवाह न करते हुए पांच बार भारत का दौरा किया था।

### ग्लेन फिलिप्स ने पकड़ा हैरतअंगेज कैच, बल्लेबाज हैरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत को उसके घर में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में मात देने के बाद न्यूजीलैंड की टीम अब अपने घर में इंग्लैंड की मेजबानी कर रही है। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज का पहला मैच क्राइस्टचर्च में हो रहा है। इस मैच में न्यूजीलैंड के खिलाड़ी ग्लेन फिलिप्स ने वो कर दिखाया है जो हकीकत में काफी मुश्किल लगता है। फिलिप्स ने एक शानदार कैच लपका है जिसे देख हर कोई हैरान है। फिलिप्स का ये कैच अविश्वस्नीय है। न्यूजीलैंड ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 348 रन बनाए थे। इंग्लैंड की टीम ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी पहली पारी में पांच विकेट खोकर 319 रन बना लिए हैं। उसके लिए हैरी ब्रूक ने 132 रनों की शानदार पारी खेली। ब्रूक ने इस दौरान ओली पोप के साथ मिलकर 151 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को तोड़ा टिम साउदी ने। लेकिन ये सिर्फ स्कोरकार्ड पर। हकीकत में ये विकेट फिलिप्स का था जिन्होंने हैरतअंगेज कैच लपकते हुए पोप को आउट किया।

पेज थ्री देहरादून

देहरादून, शनिवार, 30 नवंबर 2024


# हमारा दून

सचिव पशुपालन व मत्स्य विभाग डा बीवीआरसी पुरुषोत्तम से भेंट करते हुए सीएस।



## संक्षिप्त समाचार

### सीएस ने सचिव पशुपालन व मत्स्य विभाग डा बीवीआरसी पुरुषोत्तम से की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी से सचिवालय में सचिव पशुपालन व मत्स्य विभाग डा बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने मुलाकात की। सचिव डा बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी को हाल ही में उत्तराखंड को मत्स्य पालन के क्षेत्र में हिमालयी और उत्तर पूर्वी राज्यों में प्राप्त हुए सर्वश्रेष्ठ राज्य के पुरस्कार की जानकारी दी। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने मत्स्य पालन विभाग तथा मत्स्य पालकों को बधाई देते हुए कहा कि सरकार किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर कई प्रयास कर रही है। इसके परिणाम अब नजर आने लगे हैं। उत्तराखंड ने पिछले साल 2,600 हेक्टेयर में लगभग 70,000 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन किया।

### सीएम ने वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक स्व. चंद्रशेखर भट्टेवाले को श्रद्धांजलि दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक स्व. चंद्रशेखर भट्टेवाले के रुड़की स्थित आवास पर जाकर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों से भेंट कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री चंद्रशेखर भट्टेवाले जी का संपूर्ण जीवन जनसेवा को समर्पित रहा, वे सदैव हमारे विचारों में जीवित रहेंगे। इस अवसर पर विधायक खजानदास और श्री प्रदीप बत्रा ने भी शोकाकुल परिवरजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की।

### शीतलहर से बचाव को जनपदों के लिए स्वीकृत की 1.35 करोड की धनराशि

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शीतलहरी के बचाव हेतु अलाव जलाये जाने व कम्बल वितरण हेतु भारत सरकार तथा राज्य सरकार के नियमों/निर्देशों के आलोक में विगत वर्षों की भांति इस वित्तीय वर्ष 2024–25 में भी प्रदेश के समस्त जनपदों में से 12 जनपदों को 10.00 लाख प्रति जनपद तथा पौड़ी गढ़वाल को 15.00 लाख इस प्रकार कुल धनराशि 135.00 लाख (एक करोड़ पैंतीस लाख मात्र) की स्वीकृति प्रदान की है।

### हार्डविन इंडिया लिमिटेड विकास के राह पर

**संवाददाता** देहरादून। हार्डविन इंडिया लिमिटेड (बीएसईः 541276, हार्डविन), जो आर्किटेक्चरल हार्डवेयर और ग्लास फिटिंग्स में एक प्रमुख कंपनी है, अब विकास के रास्ते पर है। हाल ही में, कंपनी के बोर्ड ने बोनस इक्विटी शेयरों के इश्यू को 02:05 के अनुपात में मंजूरी दी है, यानी 05 (पाँच) मौजूदा इक्विटी शेयरों के बदले 02 (दो) बोनस इक्विटी शेयर कंपनी के सदस्यों को रिकॉर्ड डेट के आधार पर दिए जाएंगे।

# चारो धामों के शीतकालीन प्रवास स्थलों के लिए यात्रा शुरू की जाए: सीएम

**निर्देश**

- शीतकालीन प्रवास स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं को जीएमवीएन के होटलों में किराये में दी जाएगी 10 प्रतिशत छूट
- सीएम जनपदों में रात्रि प्रवास कर करेंगे जन सुनवाई

**संवाददाता**




देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के शीतकालीन प्रवास स्थलों के लिए यात्रा शुरू की जाए और इसका व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार भी किया जाए। इन शीतकालीन प्रवास स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए गढ़वाल मंडल विकास निगम के होटलों में रूकने पर किराये में 10 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री अगले सप्ताह शीतकालीन प्रवास स्थलों की यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा भी करेंगे।

मुख्यमंत्री ने देवभूमि उत्तराखण्ड के रजत उत्सव वर्ष में सशक्त उत्तराखण्ड की कार्ययोजना के लिए सभी विभागों को अल्पकालीन और दीर्घकालीन योजनाओं पर कार्य करने के निर्देश दिये थे। इसकी समीक्षा भी मुख्यमंत्री अगले सप्ताह करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लोगों की अपेक्षाओं और आशाओं के अनुरूप राज्य को आगे बढ़ाने में राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश की देवतुल्य जनता के सहयोग से उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने कि लिए राज्य सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क दुर्घटना सुरक्षा नियमावली जल्द बनाई जाए। पुलिस महानिदेशक को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये हैं कि रात्रिकालीन गश्त बढ़ाई जाए और सड़क सुरक्षा की दृष्टि से सड़कों में पुलिस बल भी बढ़ाया जाए। देवभूमि उत्तराखण्ड को 2025 तक ड्रग्स फ्री राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को गहन अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। नशीले पदार्थों को बेचने वालों पर नियमित निगरानी रखने और इसमें संलिप्त पाये जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। किराये पर रह रहे बाहरी लोगों का नियमित सत्यापन करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये हैं।

बैठक में प्रमुख सचिव श्री आर. के सुधांशु, सचिव श्री शैलेश बगोली, श्री विनय शंकर पाण्डेय, अपर पुलिस महानिदेशक श्री ए. पी अंशुमान एवं उपाध्यक्ष एमडीडीए श्री बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री विकास कार्यो का भी करेंगे निरीक्षण



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जल्द ही जनपदों का भ्रमण और रात्रि प्रवास करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री जनसुनवाई के साथ की विकास कार्यों का निरीक्षण और नगर निकायों और सरकारी कार्यालयों में विभिन्न व्यवस्थाओं और स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण भी करेंगे। इसके लिए उन्होंने रोस्टर जारी करने के निर्देश दिये हैं।

# पार्किंग क्षमता विकसित कर रही है धामी सरकार

**राहत**

- विकास प्राधिकरणों के जरिए 182 स्थानों पर बनाई जा रही है वाहन पार्किंग

**संवाददाता**

**पर्यटकों का कीमती समय जाम में बर्बाद न होः सीएम**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि उत्तराखंड आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों का कीमती समय जाम में बर्बाद न हो इसके लिए प्रमुख पड़ावों पर पार्किंग निर्माण किया जा रहा है। जिलाधिकारियों को इसके लिए भूमि चयन प्राथमिकता पर करने को कहा गया है। इसका लाभ स्थानीय निवासियों को भी मिलेगा।

देहरादून। उत्तराखंड में वर्ष भर पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की आवाजाही लगी रहती है। ऐसे में प्रदेश सरकार यातायात जाम की समस्या से निपटने के लिए सड़क चौड़ीकरण के साथ ही, प्रमुख तीर्थों, शहरों और पर्यटन स्थलों पर पार्किंग स्थलों का निर्माण कर रही है। वर्तमान में विभिन्न विकास प्राधिकरणों के जरिए 182 स्थानों पर 15 हजार से अधिक वाहनों की पार्किंग सुविधा तैयार की जा रही है। जिसमें से 34 जगह पार्किंग स्थल तैयार हो चुके हैं। एमडीडीए ऋषिकेश और देहरादून में दो हजार गाड़ियों की पार्किंग बना रहा है।

उत्तराखंड में हाल के समय में ऑल वेदर रोड, एक्सप्रेस वे और स्टेट हाईवे को नेशनल हाईवे में उच्चीकृत किए जाने के साथ ही पीएमजीएसवाई नेटवर्क के जरिए रोड कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। इसका असर चारधाम यात्रा के साथ ही पर्यटन सीजन में उमड़ती रिकॉर्ड भीड़ के रूप में नजर आ रहा है। लेकिन इसी के साथ प्रमुख शहरों से लेकर पर्यटन स्थलों पर जाम की समस्या नजर आने लगी है। इसी समस्या के निदान के लिए उत्तराखंड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण (ऊडा ) विभिन्न विकास प्राधिकरणों के जरिए युद्धस्तर पर 182 स्थलों पर कुल 15857 वाहन क्षमता की पार्किंग सुविधा तैयार कर रहा है। इसमें वर्तमान तक 34 स्थलों को तैयार करते हुए 2102 वाहनों की पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। जबकि 47 अन्य पर निर्माण कार्य प्रारंभ भी हो चुका है। शेष पर कार्यवाही विभिन्न स्तरों पर जारी है।

पर्वतीय भू भाग होने के कारण, उत्तराखंड में भूतल और मल्टी स्टोरी पार्किंग के लिए जगह का संकट रहता है। इसलिए प्रदेश सरकार पहली बार, टनल पार्किंग का विकल्प आजमाने जा रही है। इसमें पहाड़ के अंदर सुरंग तैयार कर पार्किंग सुविधा विकसित की जाएगी।

### राज्य स्तर की कार्यशाला में एस3वॉस पर हुई गहन चर्चा

**संवाददाता** देहरादून। सचिवालय परिसर के वीर चंद्र सिंह गढ़वाली कॉन्फ्रेंस हॉल में एस 3 वॉस पर एक राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ एवं अध्यक्षता सचिव ,सूचना प्रौद्योगिकी, श्री नितेश झा (आई ए एस) द्वारा की गई, जबकि सह–अध्यक्षता निदेशक, सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी (आईटीडीए) श्रीमती नितिका खंडेलवाल (आईएएस) द्वारा की गई। इस कार्यशाला का तकनीकी संचालन एन आई सी देहरादून टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एस3वॉस टीम का नेतृत्व एन आई सी उत्तराखंड के डी डी जी एवं एस आई ओ श्री अशेष कुमार अग्रवाल ,एन आई सी दिल्ली मुख्यालय से यतिन सक्सेना द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों से 160 से अधिक अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों ने एस3वॉस के महत्व और इसकी प्रभावशीलता को सराहा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।